पृष्ठ... 4 पर पढ़ें..

'वह स्त्री है, जब चाहेगी तो शादी कर लेगी'

मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
उल्हास विकास
वर्ष : 42 ■ अंक : 117 ■ रविवार, 21 जुलाई 2024 ■ 3 रुपए ■ पृष्ठ 4
/ulhasvikas संपादक - हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

अंबरनाथ शिवसेना प्रमुख साक्षात्कार के लिए

अरविंद वालेकर और उनके समर्थक गैरहाजिर

- 24 जुलाई को फिर से होगा साक्षात्कार
- 18 को रोटरी में हुई थी भारी भीड़

अंबरनाथ. अंबरनाथ शहर शिवसेना कार्यकारिणी की बर्खास्तगी के बाद शहर के रोटरी क्लब में सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, नरेश म्हस्के, गोपाल लांडगे ने 18 जुलाई को शाखा प्रमुख, विभाग और उप शाखा प्रमुख के लिए इच्छुकों का साक्षात्कार लिया. शिवसैनिक, महिला, युवक, पुरुषों की भीड़ इतनी ज्यादा थी कि रोटरी क्लब सभागृह छोटा दिखाई पड़ रहा था. इस साक्षात्कार के लिए पूर्व शहर प्रमुख अरविंद वालेकर एवं कांग्रेस के शिवसेना में प्रवेश किए हुए प्रदीप पाटिल उपस्थित नहीं थे. डॉ. बालाजी किणीकर के समर्थक ज्यादा संख्या में उपस्थित थे. ये भी कहा जा सकता है कि किणीकर समर्थक ही उपस्थित थे. साक्षात्कार के लिए आने वालों ने अपने अहवाल साथ नहीं लाए थे. इसलिए अब फिर से 24 अथवा 25 जुलाई को फिर से साक्षात्कार रखे गए हैं. उल्हासनगर में 13 जुलाई को साक्षात्कार रखे गए थे. अब 25 जुलाई को उल्हासनगर में साक्षात्कार होने की संभावना है. आगामी विधानसभा चुनाव एवं स्थानीय स्वराज्य संस्था के चुनाव को ध्यान में रखते हुए शहर कार्यकारिणी बरखास्त करके नए चेहरों को मौका देने की बात सामने आई है. महिला आघाड़ी भी बरखास्त की गई है. साक्षात्कार के लिए 9 बूथ तैयार किए गए थे. अंदर की बात ये है कि शिवसैनिकों के वरिष्ठों ने अब ये तय कर लिया है कि नए चेहरों को ही मौका देना है. 24 को शहर प्रमुख के लिए भी साक्षात्कार हो सकते हैं. पूर्व शहर प्रमुख अरविंद वालेकर और उनके समर्थकों के साक्षात्कार के लिए अनुपस्थिति ये सोचने पर मजबूर कर रही है कि कुछ तो गड़बड़ है और कुछ नया होने वाला है. ये तो आने वाला समय ही बताएगा.

अवैध कारोबार उल्हासनगर सहित अंबरनाथ, कल्याण व डोंबिवली में ऑनलाईन लॉटरी का धंधा जोरों पर

ऑनलाइन लॉटरी को ऑफलाइन सुरक्षा

- पुलिस को ऑनलाइन लॉटरी चालकों का चैलेंज
- क्या शहर जुआ-मटका व ऑनलाईन लॉटरी के गोरख कारोबार से मुक्त होगा?
- अवैध धंधों पर सरकार सख्त, पुलिस सुस्त, अपराधी मस्त



उल्हासनगर. एक तरफ राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में अवैध धंधों पर सख्त हो गई है तो दूसरी तरफ पुलिस प्रशासन के सुस्त रवैये से आज अपराध व अड्डा चलाने वाले मस्त होकर उल्हासनगर व कल्याण पुलिस उपायुक्त परिमंडल में ऑनलाइन लॉटरी का गोरख धंधा जोरों पर चला रहे हैं। इन दोनों परिमंडलों में ऑनलाईन लॉटरी के साथ जुआ व मटके भी चल रहे हैं। लेकिन पुलिस व प्रशासन केवल डांस बार, ढाबे को निशाना बना रही है। बाकी के आपराधिक ठिकानों पर पुलिस का आर्शिवाद क्यों प्राप्त है ऐसा समाजसेवियों का कहना है।

ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीनों से राज्य सरकार के ही लॉटरी सेंटरों पर इन अवैध ऑनलाईन लॉटरी का कारोबार करने वालों पर कार्रवाई हुई थी लेकिन जैसे ही लोकसभा चुनाव पूरे हुए यह एक बार फिर दोबारा एक्टिव हो गए हैं। खबर मिली है कि उल्हासनगर व कल्याण पुलिस परिमंडल में करीब दो दर्जन ऑनलाईन लॉटरी सेंटर खुले हैं जहां पर सिंगल नंबर के जरिए यह जुआ की जाती है। इस जुआ में खासकर नाबालिग बच्चे लिप्त हैं क्योंकि यह कारोबार स्कूल, कॉलेज व स्टेशन परिसर में ज्यादातर पाए जाते हैं।

गृह मंत्रालय के आदेश की उड़ा रहे धज्जियां

गृह मंत्रालय ने सख्त से पुलिस को निर्देश जारी किए हैं कि पुणे की घटना के बाद नाबालिग द्वारा किए जा रहे आपराधिक घटनाओं की जड़ को उखाड़ फेंकना है बावजूद आज उल्हासनगर, अंबरनाथ, कल्याण व डोंबिवली आदि परिसर में ऑनलाईन लॉटरी का गोरख धंधा पुलिस की नाक के नीचे चल रहा है। जिसे रोकने के लिए अब नेता भी चुप्पी साधे हुए हैं। ऑनलाईन लॉटरी चलाने वालों का सेक्शन फिक्स होने के कारण यहां पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो रही है। अब देखना है कि क्या पुलिस उल्हासनगर, अंबरनाथ, कल्याण व डोंबिवली में पटेल बंधूओं और सिंह के चल रहे अवैध ऑनलाईन लॉटरी के कारोबार पर आश्रय देती है या कार्रवाई करती है। वहीं उल्हासनगर व अंबरनाथ में भी ऑनलाईन लॉटरी व जुआ मटके के अड्डे पर सख्त कार्रवाई की उम्मीद शहर को है।

यूनियन मजदूर नेता के विरुद्ध अपराध दर्ज

- विवाद की संभावना

उल्हासनगर. मजदूर नेता राधाकृष्ण साठे के खिलाफ एडिशनल कमिश्नर जमीर लेंगरेकर ने पुलिस स्टेशन में शिकायत की और पुलिस ने साठे के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया. ऐसे में अधिकारियों व कर्मचारियों के बीच विवाद की आशंका है.

उल्हासनगर मनपा में भारतीय

मजदूर कर्मचारी महासंघ की यूनियन कार्यरत है. संगठन की शहर इकाई के अध्यक्ष राधाकृष्ण साठे हैं। साठे ने श्रमिकों की समस्याओं के समाधान के लिए एक सफल आंदोलन चलाया। कुछ कर्मियों की समस्याओं को लेकर उन्होंने जुलाई में बिना अनुमति मुख्यालय पर धरना दिया था. अधिकारियों पर आरोप लगाने वाले वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए।

अपर आयुक्त ने शिकायत दर्ज कराई

अपर आयुक्त जमीर लेंगरेकर ने शाम 4.30 बजे मनपा मुख्यालय पर गैरकानूनी विरोध प्रदर्शन और सोशल मीडिया पर अपमानजनक वीडियो वायरल करने पर आपत्ति जताई. लेंगरेकर ने आयुक्त अजीज शेख का ध्यान इस ओर दिलाया कि श्रमिक नेता ने मुख्यालय में क्या किया था। अंत में, जब कमिश्नर अजीज शेख पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करने के लिए सहमत हुए, तो लेंगरेकर सेंट्रल पुलिस स्टेशन पहुंचे और श्रमिक नेता साठे के खिलाफ शिकायत दर्ज की। सेंट्रल पुलिस ने गुरुवार को राधाकृष्ण साठे के खिलाफ मामला दर्ज किया. पुलिस साठे की तलाश कर रही है और साठे से संपर्क करने के प्रयास असफल रहे।

जोमैटो ब्वॉय व कार चालक में राडा

- कार ड्राइवर ने की पिटाई की
- ज़ोमैटो बैग ट्रांसफार्मर में फेंका
- उल्हासनगर 3 सेंट्रल अस्पताल के पास की घटना

उल्हासनगर. उल्हासनगर 3 स्थित सेंट्रल अस्पताल के बाहर एक बिजली का ट्रांसफर है।

शनिवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जोमैटो बाय एक्टिवा से गुजर रहा था तभी बिजली ट्रांसफर के पास खड़ी चार पहिया गाड़ी से उसकी मामूली टक्कर हो गई। अपने वाहन के क्षतिग्रस्त होने से क्रोधित होकर चार पहिया वाहन के मालिक ने ज़ोमैटो बॉय को गाली देकर पिटाई की। हालाँकि, ज़ोमैटो बॉय के माफ़ी माँगने और यह कहने के बावजूद कि जो भी नुकसान हुआ है वह उसकी भरपाई करेगा, कार मालिक ने ज़ोमैटो बॉय की पिटाई करते हुए, ज़ोमैटो बॉय के पास जोमैटो बैग को ट्रांसफार्मर के अंदर साइड में फेंक दिया। जिससे ट्रांसफार्मर में विस्फोट हो गया।

मनपा के सहायक आयुक्त निलंबित

- 'लाडली बहना योजना' में ढिलाई का आरोप

उल्हासनगर. मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री लाडली बहन योजना शुरू की है. इस योजना के तहत सभी बहनों ने आवेदन भरना शुरू कर दिया है जिससे बहनों के खाते में हर महीने 1500 रुपये जमा होंगे. फिर इस योजना का काम उल्हासनगर मनपा के माध्यम से चल रहा है. महानगर पालिका के अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी इस काम में व्यस्त हैं. इस योजना का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी, इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी काम में जुट गए हैं।

इस योजना को लागू करने के लिए उल्हासनगर मनपा ने जोरदार प्रयास शुरू कर दिया है. मनपा के सभी अधिकारी और कर्मचारी काम में जुट गये हैं. वहीं प्रभाग समिति 3 के वार्ड अधिकारी दत्तात्रेय जाधव ने इस योजना को कुशलतापूर्वक लागू करने में अक्षमता दिखाई है। जिसके चलते आयुक्त अजीज शेख ने वार्ड समिति 3 के प्रभाग अधिकारी दत्तात्रेय जाधव को निलंबित कर दिया है. इस कार्रवाई से अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कम्प मच गया है और अब सभी अधिकारी जोर-शोर से काम में जुट गये हैं.

उल्हासनगर में पालतू कुत्ते ने महिला पर किया हमला

- कुत्ते के मालिक के खिलाफ दर्ज हुआ मामला

उल्हासनगर. अपने पालतू कुत्ते को बिना उचित सुरक्षा के बाहर घूमने के लिए छोड़े गए कुत्ते ने पड़ोसी महिला पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में हमलावर महिला की शिकायत के बाद पुलिस ने मंगलवार को

कुत्ते के मालिक के खिलाफ उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया.

पालतू कुत्ते का मालिक महेश पुनवानी (48, निवास बैरक नंबर 547, सोनार गली, उल्हासनगर-2) है। कुत्तों के हमले में गंभीर रूप से घायल महिला की पहचान कोमल सुरेश नागदेव (48) के रूप में हुई है. वह सोनार गली इलाके में रहती है।

कपड़े सुखाने के लिए घर के बाहर आई थी महिला

पुलिस ने बताया कि शिकायतकर्ता कोमल और महेश पड़ोसी हैं। महेश के घर में एक पालतू कुत्ता है। उसे घर में बेल्ट लगाकर रखा जाता है. मंगलवार की दोपहर घायल कोमल नागदेव अपने धुले कपड़े सुखाने के लिए घर के बाहर खुले कमरे में आई थी. वहां कपड़े सुखाते समय जब तक कोमल को कुछ पता चलता, महेश पुनवानी का पालतू कुत्ता कोमल की ओर लपका। कुत्ते ने पीड़ित के हाथ, पैर और कंधे पर काट लिया। कोमल गंभीर रूप से घायल हो गई। कोमल ने विरोध किया और कुत्ते को धक्का देने की कोशिश की, लेकिन आक्रामक कुत्ते ने कोमल को गंभीर रूप से घायल कर दिया। कोमल की चीख सुनकर महेश घर से बाहर आया। उन्होंने कुत्ते को रोका. कोमल ने उल्हासनगर पुलिस स्टेशन में महेश के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है क्योंकि वह कुत्ते को लापरवाही से संभाल रहा है। जांच पुलिस उपनिरीक्षक निकिता भोइगड कर रही हैं.

ठाणे में 27 जुलाई को लोक अदालत



ठाणे. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीनिवास ब्रि. अग्रवाल की अध्यक्षता में 27 जुलाई को 'राष्ट्रीय लोक अदालत' का आयोजन किया गया है। अदालतों में लंबित मामले और पहले से दायर मामले सुनवाई के लिए लोक अदालत में रखे जा सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्याय ने संबंधितों से अपील की है कि वे अपने प्रकरणों को 27 जुलाई 2024 को आयोजित लोक अदालत में रखकर अपने प्रकरणों का निराकरण करायें। ऐसा आह्वान जिला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव, न्या. ईश्वर कां. सूर्यवंशी ने किया है.

न्या. ईश्वर सूर्यवंशी ने कहा कि इससे समय और पैसे की बचत होती है, इतना ही नहीं लोक अदालत में निस्तारित मामलों में कोर्ट फीस भी कानून के मुताबिक वापस कर दी जाती है। जैसा कि लोक अदालत के महत्व को महसूस किया गया है, 2023 में ठाणे जिले में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में एक सहज प्रतिक्रिया हुई है और कई पक्षों को राष्ट्रीय लोक अदालत से लाभ हुआ है।

इन मामलों का होगा निपटारा

- समझौते योग्य आपराधिक मामले, मोटर दुर्घटना मुआवजा मामले, वैवाहिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण मामले, बिजली और पानी के बिल, सेवा वेतन, भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के मामले, राजस्व मामले, किराया, अधिभोग जैसे अन्य नागरिक मामले, अधिकारों के संबंध में न्यायालयों के समक्ष लंबित मामले, निषेधाज्ञा के दावे, कुछ पूर्व-संविदात्मक समझौतों की पूर्ति के संबंध में विवाद आदि, इसी प्रकार, चेक अनादरण के मामले, बैंक ऋण वसूली के मामले, श्रमिकों के विवाद, कर वसूली के मामले, बिजली और पानी के बिल और अन्य समझौता योग्य मामले, वैवाहिक और अन्य नागरिक विवाद इस लोक अदालत में दायर किए जा सकते हैं।

अपने लंबित और लंबित मामलों को लोक अदालत में सुनवाई के लिए रखने के लिए, आपको संबंधित अदालत में तालुका कानूनी सेवा समिति या जिला कानूनी सेवा समिति प्राधिकरण के कार्यालयों से संपर्क करना चाहिए और उनसे लोक अदालत में भाग लेने की अपील करनी चाहिए। "

3 महीने बर्दाश्त करो, हमारी ही सरकार आने वाली है

- सांसद सुरेश म्हात्रे उर्फ बाल्या मामा ने अंबरनाथ राकांपा कार्यक्रम में व्यक्त किया विश्वास

अंबरनाथ. मैं भिवंडी लोकसभा का सांसद हूं, लेकिन अंबरनाथ और दूसरों शहरों के लोगों की सेवा एवं कार्य भी करता रहूंगा. अंबरनाथ में भिवंडी लोकसभा के सांसद सुरेश बाल्या मामा म्हात्रे ने उपस्थितों को संबोधित करते हुए ये बात कही. वह शहर के युवा नेता एवं पूर्व नगरसेवक सचिन पाटिल के जन्मदिन पर आए हुए थे. नवनिर्वाचित सांसद बाल्या मामा का भव्य सत्कार राकांपा शहराध्यक्ष सदाशिव पाटिल एवं सचिन पाटिल ने किया. सांसद बाल्या मामा ने ये भी कहा कि सदाशिव पाटिल अंबरनाथ के हैं, लेकिन उन्होंने मुझे चुनाव में विजयी बनाने के लिए मेहनत की है. शुक्रवार को राकांपा

की ओर से रोटरी क्लब हॉल में रोजगार सम्मेलन एवं आंगनवाड़ी सेविका और आशा वर्कर को छत्री वितरित कार्यक्रम का आयोजन हुआ. सांसद ने ये भी कहा कि तीन महिने इस सरकार की तकलीफ सह लो, तीन महिने बाद हमारी ही यानी महाविकास आघाड़ी की सरकार आएगी. ऐसा विश्वास उन्होंने व्यक्त किया. कार्यक्रम में राकांपा के कार्यकर्ता युवक, बेरोजगार युवक, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी सेविका बड़ी संख्या में उपस्थित थे. राकांपा की महिला जिला अध्यक्ष रूपाली कराले ने अंबरनाथ की राकांपा महिला अध्यक्ष पद पर दोबारा पूनम शेलार को नियुक्त किया. उस समय धनंजय सुर्वे, कबीर गायकवाड़, साबे काका, गणेश गायकवाड़, प्रीसीला डिसिल्वा, गौतमी सूर्यवंशी आदि उपस्थित थे.

चुनाव की तैयारी करें : आठवले

मुंबई. रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के सोशल मीडिया और आईटी सेल का एक प्रशिक्षण और संचार शिविर हाल ही में मुंबई जर्नलिस्ट एसोसिएशन में आयोजित किया गया था। माना जा रहा है कि रिपब्लिकन साइबर पैंथर्स आगामी विधानसभा चुनावों के लिए तैयार हैं और स्थापित पार्टियों के आईटी सेल की तरह ही अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

'एमएमआर' शहर अब सीधे जुड़ेंगे राजमार्गों से

- एक्सेस कंट्रोल सड़कों का होगा निर्माण

उल्हासनगर. शहरों में परिवहन व्यवस्था को गति देने के लिए नवी मुंबई एनएच-3 वाया कल्याण बदलापुर एक्सेस कंट्रोल रोड का निर्माण किया जाएगा। इस मार्ग के निर्माण के बाद मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, डोंबिवली, कल्याण, उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर सभी शहर सीधे राजमार्ग से जुड़ जाएंगे। इंट्रा-सिटी ट्रांसपोर्ट से वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। अभी वाहन चालकों को शहर से बाहर निकलने में आधे से डेढ़ घंटे का समय लगता है। अगर यह सड़क बन जाएगी तो महज 10 से 15 मिनट में वाहन शहर से निकल सकेंगे।

कल्याण लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की पहल पर क्षेत्र में यातायात को तेज करने के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। इनमें से कई परियोजनाएं पूरी होने वाली हैं

और इससे निर्वाचन क्षेत्र के यातायात का चेहरा बदल जाएगा। इस पृष्ठभूमि में, मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, डोंबिवली, कल्याण, उल्हासनगर, अंबरनाथ, बदलापुर के सभी शहरों को राजमार्ग से जोड़ने के लिए कल्याण बदलापुर के माध्यम से नवी मुंबई एनएच -3 का निर्माण किया जाएगा। हाल ही में इस सड़क के निर्माण को लेकर एमएमआरडीए मुख्यालय में एमएमआरडीए कमिश्नर संजय मुखर्जी की मौजूदगी में एक अहम बैठक हुई थी. इस बैठक में इस सड़क के निर्माण को लेकर विस्तृत चर्चा हुई और इस मौके पर सांसद डॉ. शिंदे ने संबंधित अधिकारियों को इस सड़क के निर्माण के लिए तेजी से उपाय करने के निर्देश दिए.

इस मौके पर सांसद डॉ. शिंदे ने टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स द्वारा सुझाए गए कई विकल्पों पर उनके विशेषज्ञों से बातचीत की। टाटा के माध्यम से, यह निर्धारित किया गया है कि बदलापुर से नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा (तुर्भे-तलोजा-उसाटने और खारघर-तुर्भे लिंक रोड) अधिकारियों को दिए गए मार्ग पहुंच नियंत्रण मार्ग के लिए एक अच्छा विकल्प है।

ऐसे काम करता है एक्सेस कंट्रोल

- यह सड़क बदलापुर से होते हुए मुंबई वडोदरा नेशनल हाईवे से शुरू होगी।
- इस रूट से आगे बढ़ते हुए पालेगांव में रूट का पहला इंटरचेंज होगा। इससे नागरिक अंबरनाथ शहर और कटाई बदलापुर मार्ग पर जा सकेंगे.
- अब से यह मार्ग कल्याण पूर्व से होकर गुजरता है और हेदुटने में मार्ग को एक और इंटरचेंज दिया गया है। यह इस मार्ग पर एक बहुत ही महत्वपूर्ण इंटरचेंज है और यहां से वाहन चालक मेट्रो-12 के हेदुटने स्टेशन तक जा सकेंगे। साथ ही कल्याण रिंग रोड की कनेक्टिविटी भी इसी रूट से होगी. यहां से कल्याण-शिलफाटा मार्ग तक भी पहुंचा जा सकता है।
- इसके बाद शिरढोन में इस सड़क से मल्टी-मोड कॉरिडोर मार्ग तक पहुंचा जा सकेगा। इस मल्टीमोड कॉरिडोर सड़क का निर्माण भी तेजी से चल रहा है। यह मल्टीमोड कॉरिडोर सड़क सीधे मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे तक ले जाएगी। वहीं मल्टीमोड कॉरिडोर सीटीएस कोस्टल रोड से भी जुड़ा होगा और इसके जरिए सीधे नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक पहुंचना आसान हो जाएगा।
- शिरढोण में तीसरा इंटरचेंज होने से कल्याण के 27 गांव यहां से जुड़ जाएंगे। उसाटने से स्टेट हाईवे से इसकी कनेक्टिविटी होगी। उसाटेन में सड़क का काम भी प्रगति पर है। इसके अलावा यह मार्ग मुंबई-पनवेल राजमार्ग से भी जुड़ जाएगा और नागरिकों के लिए पनवेल जाना आसान हो जाएगा।
- फिर यह सड़क सीधे खारघर तुर्भे लिंक रोड से जुड़ जाएगी। इस लिंक रोड की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और वास्तविक निर्माण कार्य भी जल्द ही शुरू हो जाएगा। इस लिंक रोड के माध्यम से, कोई सीधे नवी मुंबई शहर और नवी मुंबई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक जा सकता है।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

यूपीएससी की साख पर सवाल

अक्सर ऐसी खबरें आती हैं, जिनमें किसी अभ्यर्थी ने फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी हासिल कर ली। मगर संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी जैसी संस्था आमतौर पर इस तरह के आरोपों से बची रही है। माना जाता रहा है कि यूपीएससी की किसी परीक्षा को पास करने के बाद नियुक्ति के लिए चुने गए अभ्यर्थी के प्रमाणपत्रों की गहन जांच होती है। मगर भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए चुनी गई एक अधिकारी पूजा खेडकर के पद के दुरुपयोग के मामले में और उसके बाद जैसी खबरें आ रही हैं, उससे यही लगता है कि संघ लोक सेवा आयोग जैसे उच्च स्तरीय संस्थान में भी किसी उम्मीदवार के प्रमाणपत्रों की जांच को लेकर लापरवाही या उदासीनता बरती जाती है। गौरतलब है कि पुणे में प्रशिक्षु आइएएस अधिकारी पूजा खेडकर यूपीएएससी की परीक्षा में चुने जाने के लिए खुद को शारीरिक रूप से दिव्यांग और अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय का बताने के लिए फर्जी प्रमाणपत्र पेश करने के आरोपों का सामना कर रही हैं। उन पर पुणे में तैनाती के दौरान विशेषाधिकारों का दुरुपयोग करने का भी आरोप है। हैरानी की बात यह है कि पूजा खेडकर का मामला सुर्खियों में आने के बाद अब भारतीय प्रशासनिक सेवा और भारतीय पुलिस सेवा के कुछ अन्य अधिकारियों के बारे में भी यह दावा किया गया है कि उन्होंने अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लाभ उठाने के मकसद से फर्जी प्रमाणपत्रों का उपयोग किया है। सवाल है कि जब कोई अभ्यर्थी यूपीएससी की परीक्षाओं में सभी स्तर को पार करके चुन लिया जाता है, तब उसके बाद नियुक्ति के पहले उसके प्रमाणपत्रों की जांच को लेकर कैसी व्यवस्था है कि कोई व्यक्ति हेराफेरी करके अपने लिए प्रमाणपत्र बनवा लेता है, जिसे यूपीएससी भी अपनी जांच में पकड़ नहीं पाता। अब संभव है कि संदिग्ध अधिकारियों के प्रमाणपत्रों की फिर से गहन जांच हो। लेकिन अगर फर्जीवाड़े के आरोप सही पाए गए तो जिस यूपीएससी के समूचे तंत्र को पूरी तरह पाक-साफ और चौकस बताया जाता है, वहां अभ्यर्थियों के प्रमाणपत्रों की जांच में इस कदर लापरवाही बरतने को लेकर कैसी धारणा बनेगी? क्या यह देश के सबसे विश्वसनीय माने जाने वाले संस्थान की साख का सवाल नहीं है?

अर्थव्यवस्था : ताकि विकास दर का फायदा सबको मिले

ते ईस जुलाई को प्रस्तुत होने जा रहे मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले पूर्ण बजट में पिछले दो कार्यकालों की आर्थिक नीतियों की छाप देखने को मिल सकती है। अनुमान है कि बजट पूंजीगत खर्चों व जन कल्याण की योजनाओं के मध्य एक व्यवस्थित ढांचा खड़ा करने की कोशिश करेगा, ताकि देश को जीडीपी की वृद्धि के साथ प्रति व्यक्ति आय में भी तेजी दी जा सके।

बजट के इतर, अगर देश की आर्थिक प्रगति को मोदी सरकार के पिछले दो कार्यकालों के साथ जोड़कर देखें, तो तीन पक्षों पर काम अत्यंत प्रशंसनीय है। पहला, जीएसटी के माध्यम से कर संग्रहण में अभूतपूर्व वृद्धि। दूसरा, बैंकिंग क्षेत्र में आई तेजी। तीसरा, स्टॉक मार्केट में घरेलू निवेशकों का तेजी से निवेश को बढ़ाना। इन तीनों पक्षों पर कई आंकड़े मोदी सरकार की वाहवाही करते हैं। लगता है कि मोदी सरकार अब इन तीनों पक्षों पर अधिक श्रेय लेने को तैयार नहीं है। इसके पीछे दो प्रमुख कारण हो सकते हैं। एक, महंगाई व बेरोजगारी के चलते 2024 के चुनाव में मोदी सरकार अपने बल पर बहुमत में नहीं आ पाई। दूसरा, देश को अब ऐसे आर्थिक मैकेनिज्म की जरूरत है, जिसमें आर्थिक सुधारों के माध्यम से होने वाली प्रगति में किसी भी प्रकार की कोई लीकेज न रहे, अन्यथा आर्थिक प्रगति एक बुलबुला बन जाती है और जिसके फूटने का डर हमेशा बना रहता है और जब यह फूटता है, तब अप्रत्याशित भी नहीं होता।

पिछले सात वर्षों में जीएसटी के माध्यम से भारत में कर संग्रहण में 170 फीसदी की औसतन वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि बहुत अधिक सकारात्मक दिखती है। यह भी एक सच्चाई है कि जीएसटी के चलते महंगाई बढ़ी है और छोटे व्यापारों को नुकसान हुआ है। दीर्घकालीन सोच के मद्देनजर जीएसटी का निर्णय भारत के लिए बहुत अच्छा है, लेकिन बेरोजगारी के बढ़ते आंकड़े सवाल करते हैं कि इतने अधिक कर के संग्रहण के बावजूद राजस्व घाटा क्यों? नौकरियों में अधिक भर्तियां क्यों नहीं? दिसंबर 2023 तक 20 से 24 वर्ष की आयु के 44 प्रतिशत युवा और 25 से 29 वर्ष के 14 प्रतिशत युवा बेरोजगार थे।

बैंकिंग क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों से काफी तेजी आई है। जेएएम योजना (जन-धन, आधार, मोबाइल) के माध्यम से बैंकिंग क्षेत्र का विस्तार और इसके माध्यम से मिलने वाली सुविधाओं को आमजन तक प्रत्यक्ष रूप से पहुंचना रहा है। लेकिन कुछ समय से व्यक्तिगत ऋण के मुद्दे पर आरबीआई द्वारा बैंकों व एनबीएफसी को सचेत किया जा रहा है कि व्यक्तिगत ऋण पर नियंत्रण किया जाए। वरना बैंकिंग क्षेत्र में जोखिम बढ़ सकता है। एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2014 से दिसंबर, 2023 तक बैंकों का व्यक्तिगत ऋण 16 से बढ़कर करीब 30 फीसदी तक पहुंच गया है। हैरान करने वाली बात यह भी है कि औद्योगिक घरानों को मिलने वाले ऋण में काफी कमी आई है। शुरुआत में बैंकिंग ऋण का तकरीबन 46 प्रतिशत हिस्सा इस क्षेत्र को जाता था, जो अब 24 फीसदी के आसपास है। इसका सबसे अधिक असर एमएसएमई सेक्टर में देखने को मिला है।

तीसरा मुख्य पक्ष, 10 वर्षों में स्टॉक बाजार में अप्रत्याशित वृद्धि और घरेलू निवेशकों का बढ़ता हुआ विश्वास है। 26 मई, 2014 से 16 जुलाई, 2024 तक सेंसेक्स 24000 से बढ़कर 80 हजार पर पहुंच गया और निफ्टी 7000 से बढ़कर 24000 पर पहुंच गई है, क्योंकि बीते कुछ वर्षों से भारत के घरेलू निवेशकों का विश्वास पूंजी बाजार के प्रति तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2023 में घरेलू निवेशकों ने तकरीबन 22.5 अरब डॉलर का वित्तीय निवेश भारतीय पूंजी बाजार में किया, जो कि चालू कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली छमाही में 28.5 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। पिछले दस वर्षों में म्यूचुअल फंड के माध्यम से घरेलू निवेश दो लाख करोड़ से बढ़कर मई, 2024 तक 28 लाख करोड़ हो गया है।

इन सब के बीच में यह भी देखने को मिला है कि अब निवेशकों का मुख्य आकर्षण एफएंडओ ऑप्शन में खरीदारी व बिक्री करना हो गया है। इसके चलते स्मॉल कैप मिड कैप की छोटी कंपनियां घरेलू निवेश से वंचित हो रही हैं, जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए उचित नहीं है, क्योंकि इसके चलते भारतीय पूंजी बाजार निवेश के बजाय सट्टे की परिकल्पना को पूरा करता हुआ दिखेगा, इसीलिए बीते दिनों सेबी ने इस पर कुछ नए नियम बनाए हैं।

एक शांतिपूर्ण विश्व की स्थापना की शुरुआत पहले नींव के पत्थर से होती है - हम से।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक

तकनीकी गड़बड़ी से अरबों का कारोबार प्रभावित

तकनीकी संसाधनों पर निर्भरता बढ़ते जाने से व्यवसाय-वाणिज्य, निजी और दफ्तरी कामकाज में तेजी तो आई है, मगर इसमें एक खराबी किस कदर दुनिया की सारी रफ्तार रोक देती है, इसका ताजा उदाहरण माइक्रोसाफ्ट के नए साफ्टवेयर में आई गड़बड़ी है। माइक्रोसाफ्ट के सर्वर में गड़बड़ी आने से दुनिया भर के दफ्तरों में कामकाज लगभग ठप्प हो गया, रफ्तार थम गई। विभिन्न देशों में चौदह सौ से ऊपर हवाई सेवाएं रद्द करनी पड़ीं और हजारों हवाई जहाज देरी से उड़ पाए। टेलीविजन प्रसारण, बैंक सेवाओं, शेयर बाजार के कामकाज बुरी तरह प्रभावित हुए। हालांकि माइक्रोसाफ्ट के इंजीनियर इस गड़बड़ी को सुधारने में जुट गए, मगर इतने भर से दुनिया भर में अरबों रुपए का कारोबार प्रभावित हो गया। दरअसल, माइक्रोसाफ्ट ने एक नया साफ्टवेयर तैयार किया है, जिससे उपभोक्ताओं को तेज, सुविधाजनक और सुरक्षित सेवा देने का दावा किया गया था। यह साफ्टवेयर क्लाउड सेवा से जुड़ा हुआ है। उसमें क्राउड स्ट्राइक नामक साइबर सेंधमारी से सुरक्षा प्रदान करने वाले 'एंटीवायरस' को अद्यतन किया गया, तभी से गड़बड़ी शुरू हो गई। कंप्यूटर अपने आप बंद और चालू होने लगे। इससे माइक्रोसाफ्ट कंपनी की साख पर सवाल उठने शुरू हो गए हैं।

हालांकि कुछ महीने पहले एलन मस्क ने भी माइक्रोसाफ्ट के 'एज' नामक नए साफ्टवेयर की व्यावहारिकता पर सवाल उठाया था। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि यह साफ्टवेयर अव्यावहारिक है, जो कई कंप्यूटरों से एक साथ जुड़ जाता है और इस तरह

इसकी सुरक्षा विश्वसनीय नहीं रह जाती। मगर तब माइक्रोसाफ्ट की तरफ से जवाब में कहा गया था कि यह साफ्टवेयर उपभोक्ता को कहीं भी बैठ कर आसानी से काम करने की सुविधा देता है। इसमें सेंधमारी का खतरा नहीं रहता। अब फिर से इस साफ्टवेयर की विश्वसनीयता संदिग्ध हो गई है। फिलहाल यह दावा करना मुश्किल है कि किसी साइबर अपराधी ने ऐसी गड़बड़ी पैदा की, पर ऐसी हरकत से इनकार नहीं किया जा सकता। जैसे-जैसे इलेक्ट्रानिक उपकरणों पर लोगों की निर्भरता बढ़ती गई है, वैसे-वैसे इसके खतरे भी बढ़ते गए हैं। साइबर सेंधमार लोगों के बैंक खातों, दफ्तरों के दस्तावेजों, कंपनियों के लेखा-जोखा वगैरह में सेंधमारी करने लगे हैं। हर इलेक्ट्रानिक उपकरण निर्माता कंपनी साइबर सेंधमारी रोकने के लिए वायरसरोधी उपाय करती है। जो कंपनी इसमें पिछड़ जाती है, वह बाजार में भी पिछड़ जाती है। माइक्रोसाफ्ट ने भी इसी समस्या से बचाने के लिए नई तकनीक ईजाद करने का दावा किया था।

हर नई तकनीक में प्रायोगिक स्तर पर कुछ न कुछ अड़चन आती है। मगर जब कोई भरोसेमंद कंपनी अपने किसी उत्पाद को बड़े पैमाने पर बाजार में उतारती है, तो पहले यह सुनिश्चित कर लेती है कि वह पूरी तरह कारगर है। न जाने कैसे माइक्रोसाफ्ट से यह चूक हो गई कि इस साफ्टवेयर को लेकर आ रही शिकायतों को नजरअंदाज करते हुए इसे बाजार में चलाए रखा। माइक्रोसाफ्ट एज नामक तकनीक उपयोगी और सुविधाजनक हो सकती है, मगर पूरी तरह भरोसेमंद बन जाने से पहले उसे बाजार में इतने बड़े पैमाने पर नहीं वितरित किया जाना चाहिए था। जिस एंटीवायरस की वजह से ताजा समस्या आई बताई जा रही है, उसके परीक्षण में भी कहीं न कहीं चूक हुई। इस साफ्टवेयर में गड़बड़ी के चलते सिर्फ कुछ देर में जिस तरह दुनिया भर में करोड़ों लोगों को परेशानियां और व्यावसायिक संगठनों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा, उसकी भरपाई होना मुश्किल है।

अनोखा वर्ल्ड रिकॉर्ड! 7 दिनों में घूम लिए 7 अजूबे

जरा हट के

मिस्र के एक व्यक्ति ने ठान लिया था कि वो कम से कम वक्त में दुनिया के 7 अजूबे घूम लेगा. उसने अपने भरोसे को कायम रखा और करीब 7 दिनों में दुनिया के 7 अजूबों को घूम लिया. इस तरह इस व्यक्ति ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में भी नाम दर्ज करवा लिया है. गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड के अनुसार 45 साल के मैगडी ईसा मिस्र के रहने वाले हैं और उन्होंने 6 दिन, 11 घंटे और 52 मिनट में दुनिया के 7 अजूबे घूमकर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है. इससे पहले ये रिकॉर्ड ब्रिटेन के जैमी मैकडॉनल्ड के नाम दर्ज था. जिन्होंने करीब साढ़े 4 घंटे ज्यादा वक्त लेकर इस रिकॉर्ड को बनाया था.

सबसे पहले मैगडी चीन की दीवार पहुंचे, उसके बाद वो भारत में ताज महल देखने पहुंचे. फिर जॉर्डन के पेट्रा, रोम के कलोसियम और ब्राजील के क्राइस्ट द रिडीमर से होते हुए पेरू के माचू-पिचू पहुंच गए.



आखिर में वो प्राचीन मायन शहर चिचेन इट्जा गए जो मेक्सिको में है. इस रिकॉर्ड को बनाने में पहले से तय पब्लिक ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करना था क्योंकि हर पब्लिक ट्रांसपोर्ट का आंकड़ा रखना मुश्किल है. उन्हें इस रिकॉर्ड को बनाने के लिए करीब डेढ़ साल की प्लानिंग की जरूरत पड़ी. फ्लाइट्स, ट्रेन्स, बस, सबवे, ट्रांसपोर्टेशन हब तक पैदल यात्राएं जैसी तमाम चीजों की प्लानिंग उन्हें पहले से ही करनी पड़ी. अगर इस यात्रा के बीच कोई भी एक रुकावट आती, तो उनकी पूरी यात्रा बिगड़ जाती और उन्हें लौटकर घर जाना पड़ता. हर यात्रा में उन्हें अपने समय का भी हिसाब रखना था, सबसे अच्छे पब्लिक ट्रांसपोर्ट के ऑप्शन चुनने थे, लेओवर, इमिग्रेशन आदि का भी ध्यान रखना था. उनकी इस यात्रा में कोई खास समस्या तो नहीं आई, हालांकि, छोटी-मोटी मुश्किलें जरूर रहीं. जैसे पेट्रा जाने वाली बस के दौरान वो सोते रह गए और उसे नहीं पकड़ पाए. इसके बाद उन्हें दूसरा पब्लिक ट्रांसपोर्ट खोजना पड़ा. सातवें अजूबे तक जाते वक्त वो अपनी फ्लाइट करीब-करीब मिस कर चुके थे, पर जब उन्होंने फ्लाइट कर्मियों को बताया कि वो वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं तो उनकी मदद की गई और उन्हें फ्लाइट में जाने की इजाजत मिली.

खाना-खजाना

लौकी की खीर

सावन के पहले सोमवार पर आप अगर व्रत रख रहे हैं, तो घर पर कम समय में लौकी की खीर तैयार कर सकते हैं, इस खीर का आप भगवान शिव को भी भोग लगा सकते हैं. थे स्वादिष्ट लौकी की खीर खाने में टेस्टी होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद मानी गई है. यानी आप इसे बिना व्रत के भी खा सकते हैं. आइए जानते हैं लौकी की खीर बनाने का तरीका.

■ सामग्री

लौकी की खीर बनाने के लिए आपको कुछ सामग्री की जरूरत लगेगी जैसे एक कप कद्दूकस की हुई लकी, दो कप दूध, एक कप पानी, दो बड़े चम्मच चीनी, एक चम्मच इलायची पाउडर, दो चम्मच बारीक कटे हुए ड्राई फ्रूट्स और थोड़ा घी इन सभी सामग्री की मदद से आप टेस्टी लौकी की खीर बना सकते हैं.

विधि :

अब लौकी की खीर बनाने के लिए आप सबसे पहले लौकी को अच्छी तरह धोकर छील लें. अब इसे कद्दूकस कर ले और साइड में रख दे, थोड़ी देर कद्दूकस की हुई लौकी को ढक कर रखे. तब तक एक बर्तन में दूध ले और उसे गैस पर मध्यम आंच पर उबलने दे, जब यह अच्छे तरीके से उबल जाए, तो उसमें कद्दूकस की हुई लौकी डाल दे और थोड़ी देर तक गैस पर उबलने दे. अब इसमें स्वाद अनुसार चीनी और इलायची पाउडर डालकर अच्छी तरह मिला ले और धीमी आंच पर पकने दें. थोड़ी देर बाद आप चाहे, तो इसमें दूध मसाला मिला सकते हैं और थोड़े ड्राई फ्रूट्स डाल दे. आप इसमें ऊपर से घी भी डाल सकते हैं. अब इसे 10 से 15 मिनट तक पकाएं और फिर एक बॉल में निकालकर ऊपर से काजू बादाम के टुकड़े डाल दें. आपकी खीर अब पूरी तरह बनकर तैयार हो गई है. आप इसे मेहमानों को सर्व कर सकते हैं या फिर भगवान को भोग लगा सकते हैं और व्रत वाले दिन आप गरमा गरम खा भी सकते हैं.

किन लोगों को है ब्रेस्ट कैंसर का खतरा

कब और कैसे करें शुरुआती पहचान

हाल ही में खबर आई कि एक्ट्रेस हिना खान को तीसरे चरण का स्तन कैंसर है। इस खबर ने भारत की जनता का ध्यान इस गंभीर बीमारी की ओर फिर से खींचा है। हालांकि इससे पहले और भी बड़े नाम इस बीमारी की जद में आ चुके हैं। लेकिन बात यहां तक सीमित नहीं है। बात है, भारत की आधी आबादी की। अध्ययन बताते हैं कि भारत में हर 28 में से 1 महिला को स्तन का कैंसर होता है। अध्ययनों की मानें तो हर चौथे मिनट में एक भारतीय महिला में स्तन कैंसर की पहचान हो रही है। भारत में सभी प्रकार के कैंसर के मामलों में स्तन कैंसर के मामले 14 प्रतिशत हैं और महिलाओं में यह सबसे ज्यादा होने वाला कैंसर है। कैंसर शब्द अपने आप में बहुत डरावना है, लेकिन इस तरह के मामलों में उम्मीद की किरण बुझी नहीं है। स्तन के कैंसर को शुरुआती लक्षणों से पहचाना जा सकता है और पहली, दूसरी स्टेज में इसका पता लगने पर महिला का जीवन पूरी तरह सुरक्षित होता है। समय रहते सही उपचार की मदद से महिला अपना सामान्य जीवन जी सकती है। ब्रेस्ट कैंसर के किन लक्षणों पर ध्यान देने की जरूरत है, आइए जानें:

■ स्तन में गांठ

अगर आपको स्तन या स्तन के आसपास के क्षेत्र और बगल में गांठ महसूस होती है, तो आपको इसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह सच है कि हर गांठ कैंसर नहीं होती है, लेकिन अगर स्तन में गांठ है तो उसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। कैंसर की गांठ आमतौर पर बिना दर्द वाली होती है। लेकिन इनके बढ़ने के साथ दर्द महसूस हो सकता है।

■ निप्पल से रिसाव

मां बनने के बाद निप्पल से दूध निकलना सामान्य है, लेकिन अगर आप नई मां नहीं हैं और फिर भी निप्पल से रिसाव हो रहा है तो आपको सचेत हो जाना चाहिए। यह रिसाव कई अलग-अलग रंगों का हो सकता है। कभी-कभी निप्पल से खून का भी रिसाव होता है। ऐसे लक्षण को कैंसर का लक्षण माना जाता है, इसलिए रिसाव होने पर चिकित्सक से तुरंत संपर्क करें।

■ स्तन या निप्पल का आकार बदलना

हमें अपने स्तन के आकार के बारे में बेहतर पता होता है। दोनों स्तनों के आकार में हल्का फर्क होना सामान्य है। लेकिन अगर आपको एक स्तन तुलनात्मक तौर पर ज्यादा असामान्य नजर आ रहा है, तो यह कैंसर का लक्षण हो सकता है। इसके अलावा स्तन की त्वचा का लाल होना, उसमें खुजली होना या स्तन में डिंपल या गड्ढे पड़ना स्तन कैंसर का लक्षण होता है। वहीं, आपको अपनी निप्पल पर भी गौर करना चाहिए। अगर निप्पल अंदर की ओर धस रही है तो आपको लापरवाही नहीं करनी चाहिए।

■ कौन है खतरे में?

स्तन कैंसर विश्व भर की महिलाओं को बड़ी तादाद में चपेट में ले रहा है। पहले इसका खतरा 40 की उम्र के बाद की महिलाओं को ज्यादा होता था। लेकिन अब 24 जैसी कम उम्र के मामले भी आम होते जा रहे हैं। सामान्य तौर पर अगर आपकी उम्र 29 साल हो चुकी है तो आपको अपने स्तन का परीक्षण खुद से ही करते रहना चाहिए। अगर महिला के परिवार में स्तन कैंसर का इतिहास रहा है, तो कुछ खास प्रकार के स्तन कैंसर के होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में महिलाओं को 30 की उम्र के बाद साल में एक बार मेमोग्राफी करवाते रहना चाहिए।

■ क्या हो सकते हैं कारण?

कई तरह के कैंसर की तरह ही स्तन कैंसर का कारण भी अभी तक स्पष्ट नहीं हैं। न ही यह स्पष्ट है कि यह इतनी तेजी से पैर क्यों पसार रहा है। लेकिन कुछ बातें इसके होने की आशंका को बढ़ा सकती हैं। यह वैज्ञानिक तौर पर पाया गया है कि खराब जीवनशैली, अस्वस्थ भोजन और तनाव कैंसर को बढ़ावा देते हैं। इसके साथ ही हेयर ट्रीटमेंट में इस्तेमाल किए जाने वाले केमिकल, सौंदर्य प्रसाधनों और डिओडोरेंट में पाए जाने वाले कुछ घातक केमिकल भी इस तरह के कैंसर को बढ़ावा देते हैं।

आज का राशिफल

मेष : जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। पुराना रोग बाधा का कारण बन सकता है। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। अनहोनी की आशंका रहेगी। शत्रुभय रहेगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। कोई नई समस्या आ सकती है।

वृषभ : रुके हुए कार्यों में गति आएगी। घर-बाहर सभी अपेक्षित कार्य पूर्ण होंगे। दूसरों के कार्य की जवाबदारी न लें। वाणी पर नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब हो सकता है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पार्टनरों से मतभेद संभव है। व्यवसाय ठीक चलेगा। समय नेष्ट है। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

मिथुन : नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। छोटे भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। संचित कोष में वृद्धि होगी। प्रमाद न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। जीवनसाथी से अनबन हो सकती है। स्थायी संपत्ति खरीदने-बेचने की योजना बन सकती है। परीक्षा व साक्षात्कार में सफलता प्राप्त होगी।

कर्क : मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। लेन-देन में सावधानी रखें। शत्रुओं का पराभव होगा। विवाद को बढ़ावा न दें। भय रहेगा। प्रमाद न करें। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यापार में अधिक लाभ होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

सिंह : व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मातहतों से अनबन हो सकती है। कुसंगति से हानि होगी। पारिवारिक समस्याओं में इजाफा होगा। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। दूर से बुरी खबर मिल सकती है। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते कामों में बाधा हो सकती है।

कन्या : सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। किसी बड़े काम करने की योजना बनेगी। व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। पपुराने किए गए प्रयासों का लाभ मिलना प्रारंभ होगा।

तुला : जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। सुख के साधन जुटेंगे। पराक्रम बढ़ेगा। घर में मेहमानों का आगमन होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यय होगा। किसी पारिवारिक आयोजन का हिस्सा बन सकते हैं। निवेश शुभ रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा।

वृश्चिक : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। निवेश शुभ रहेगा। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

धनु : वाणी पर नियंत्रण रखें। दूसरों के कार्य में दखल न दें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। लाभ बढ़ेगा। यात्रा में सावधानी रखें। जल्दबाजी से हानि होगी। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। पुराना रोग उभर सकता है।

मकर : व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। व्यापार में वृद्धि होगी। कोई बड़ी बाधा आ सकती है। राजभय रहेगा। जल्दबाजी से काम बिगड़ेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

कुंभ : सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार में वृद्धि होगी। आय बढ़ेगी। घर में प्रसन्नता रहेगी। ऐश्वर्य पर व्यय हो सकता है। नई योजना बनेगी जिसका लाभ तुरंत नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्य करने में रुचि रहेगी। शारीरिक कष्ट संभव है। चिंता तथा तनाव हावी रहेंगे।

मीन : व्यापार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। बेचैनी रहेगी। चोट व रोग से बचें। विवेक से कार्य करें। लाभ में वृद्धि होगी। मान-सम्मान मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। कोर्ट व कचहरी के काम बनेंगे। अध्यात्म में रुचि बढ़ेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

सावन सोमवार के व्रत में करें इन चीजों का सेवन

■ महादेव को भी लगाएं भोग

सावन के महीने में भगवान शिव शंकर की आराधना की जाती है। इस पूरे महीने लोग भगवान शिव की पूजा अर्चना करते हैं, अनुष्ठान करते हैं और बहुत से लोग तो कावड़ यात्रा पर भी जाते हैं। पूजा अर्चना के साथ-साथ कई लोग सावन में पड़ने वाले सोमवार का व्रत भी रखते हैं। इस व्रत में ज्यादातर लोग फलाहार का सेवन करते हैं।
अगर आप भी इस बात व्रत रखने का सोच रहे हैं लेकिन आपको यह संशय है कि आप खाने में क्या खा सकते हैं तो यह लेख आपके लिए है। यहां हम आपको कुछ ऐसे पकवानों के बारे में बताएंगे, जिनका सेवन आप सोमवार के व्रत में कर सकते हैं। इन पकवानों के सेवन से आपको व्रत के दौरान भूख का एहसास नहीं होगा और आप पूरा दिन तरोताजा रहेंगे। यह सभी पकवान बनाने में भी काफी आसान हैं। ऐसे में आपको इसे तैयार करने के लिए ज्यादा मेहनत की जरूरत नहीं पड़ेगी।

कुट्टू के आटे की पूड़ी

कुट्टू के आटे से पूड़ी बनाना काफी आसान होता है। इसे आप आलू की सब्जी या दही के साथ खा सकती हैं। ये काफी कुरकुरी होती हैं, जिस वजह से इसका स्वाद और भी ज्यादा अच्छा लगता है।

मखाने की खीर

अगर कुछ मीठा बनाने का सोच रही हैं तो मखाने की खीर एक बेहतर विकल्प है। इसका भोग आप महादेव को लगा सकती हैं। मखाने की खीर का भोग लगाना काफी अच्छा माना जाता है। ऐसे में बिना सोचे मखाने की खीर बनाएं।

साबूदाना खिचड़ी

शायद ही कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे साबूदाना की खिचड़ी खाने में पसंद न हो। आप अगर इसे बनाकर अपने बच्चों को भी खिलाएंगे, तो उनका पेट के साथ मन भी खुश हो जाएगा। ऐसे में बिना डरे इसे तैयार कर सकती हैं।

राजगिरा पराठा

राजगिरा के आटे से बने पराठे, जिसे दही या फलाहारी सब्जी के साथ खाया जा सकता है। ये काफी हेल्दी भी होता है। ऐसे में आप व्रत के दिन खाने के लिए राजगिरा का पराठा भी तैयार कर सकते हैं।

कटलेट

आप चाहें तो या तो आलू के या फिर साबूदाना के कटलेट भी व्रत के लिए तैयार कर सकती हैं। इसे फलाहारी हरी चटनी के साथ ही परोसें। चटनी के इसका स्वाद कई गुना बढ़ जाएगा।

कुट्टू की पकौड़ी

बारिश का मौसम भी हो रहा है। ऐसे में व्रत वाले दिन आप कुट्टू की पकौड़ी भी तैयार कर सकती हैं। इसे बनाना काफी आसान होता है और ये खाने में भी स्वादिष्ट लगती है।

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

खबरें गांव की...

गोंडा में सपा नेता की हत्या

गोंडा. यूपी के गोंडा जिले में नगर के ग्राम राजाटोला गांव में निकाय चुनाव के रंजिश के चलते धारदार हथियार से लैस सभासद ने सहयोगियों के साथ मिलकर घर के बरामदे में चारपाई पर लेटे प्रतिद्वंद्वी सपा नेता ओमप्रकाश सिंह की हत्या कर दी। घटना के ग्यारह घंटे बाद पुलिस ने मृतक की पत्नी नीलम सिंह के तहरीर पर सभासद सहित पांच लोगों के विरूद्ध हत्या सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है। चौबीस घंटा बीतने के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आक्रोशित परिवारजनों ने घर पर शव रखकर दाह संस्कार से मना कर दिया है। परिवारीजन गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हुए हैं।

4 साल की मासूम से रेप के आरोपी का एनकाउंटर

फर्रुखाबाद. फर्रुखाबाद में चार साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाले आरोपी युवक को शुक्रवार की शाम पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है। इस पर 25 हजार का इनाम घोषित हुआ था। बता दें कि 11 जुलाई की रात मोहम्मदाबाद के एक बारात घर से चार साल की बच्ची को उठाकर उसके साथ रेप किया गया था। इसमें बच्ची के पिता ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। दो दिन बाद पुलिस को पता चल गया था कि बच्ची के साथ किसने रेप किया है। मिली जानकारी के आधार पर पुलिस की टीम स्टेशन चेक करने के लिए पखना स्टेशन पर पहुंची थी। शिकोहाबाद से फर्रुखाबाद ट्रेन जा रही थी। ट्रेन जाने के बाद एक युवक झाड़ियों में बने रास्ते से जाने लगा जिस पर उसे ललकारा गया तो उसने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। जवाब में पुलिस ने भी फायर किया। ऐसे में उसके पैर में गोली लगी।

धोखाधड़ी में फंसी राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह, लखनऊ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

प्रतापगढ़. प्रतापगढ़-कुंडा से विधायक रघुराज प्रताप उर्फ राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह धोखाधड़ी और जालसाजी में फंस गई हैं। उनके खिलाफ लखनऊ के थाने में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी है। लखनऊ के हजरतगंज थाने में दा प्रॉपर्टीज की निदेशक और राजा भैया की पत्नी भानवी सिंह के खिलाफ पूर्व निदेशक आशुतोष सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया है। आशुतोष ने भानवी पर धोखाधड़ी और जालसाजी का आरोप लगाया है। थाने में दर्ज कराए गए मुकदमे में आशुतोष ने बताया कि वह भानवी की जगह पहले वह निदेशक हुआ करते थे। भानवी ने षड्यंत्र करके दबावा बनाया और कंपनी के निदेशक पद से उन्हें हटवा दिया।

खाने में लगाया लहसुन-प्याज का तड़का, कांवड़ियों ने ढाबे पर जमकर की तोड़फोड़

मुजफ्फरनगर. मुजफ्फरनगर में एक ढाबे पर खाना खाने बैठे कांवड़ियों को सब्जी में लहसुन-प्याज दिखाई दिया तो बवाल कर दिया। कांवड़ियों ने ढाबे पर ही हंगामा शुरू कर दिया। गुस्साए कांवड़ियों ने ढाबे पर जमकर तोड़फोड़ की। कांवड़ियों का गुस्सा देखकर आरोपी ढाबा कर्मचारी मौके से फरार हो गया। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी कांवड़ियों को समझाकर शांत कराया। 22 जुलाई से शुरू हो रहे सावन को लेकर कांवड़िए जल लेने के लिए निकल पड़े हैं। गाजियाबाद से कई कांवड़िए हरिद्वार के लिए जल लेने निकले थे। छपार थाना क्षेत्र के बिजोपुरा चौराहे पर पर मौजूद ताऊ होक्के वाले ढाबे पर कुछ कांवड़िए रुक गए और खाना खाने के लिए बैठे थे।

3 नए आपराधिक कानून लागू

- गृह मंत्री शाह बोले- अब दंड की जगह न्याय मिलेगा
- 77 साल बाद न्याय व्यवस्था स्वदेशी हुई

नई दिल्ली. देश में अंग्रेजों के जमाने से चल रहे कानूनों की जगह 3 नए कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1 जुलाई से लागू हो गए हैं। इन्हें IPC (1860), CrPC (1973) और एविडेंस एक्ट (1872) की जगह लाया गया है।

कानूनों के लागू होने के बाद गृह मंत्री अमित शाह ने मीडिया को इन कानूनों की जानकारी दी। शाह ने कहा कि आजादी के 77 साल बाद क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम अब पूरी तरह से स्वदेशी हो गया है।

शाह बोले- अब दंड की जगह न्याय मिलेगा। मामलों में देरी की जगह स्पीडी ट्रायल होगा। साथ ही सबसे आधुनिक क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम बनेगा।

22.5 लाख पुलिसकर्मियों को 12 हजार मास्टर ट्रेनर ने ट्रेनिंग दी

गृहमंत्री के मुताबिक देशभर में 22.5 लाख से ज्यादा पुलिसकर्मियों को नए क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम की ट्रेनिंग 12 हजार से ज्यादा मास्टर ट्रेनर्स ने दी है। लोकसभा में 9.29 घंटे चर्चा हुई, उसमें 34 सदस्यों ने भाग लिया। राज्यसभा में 6 घंटे से ज्यादा चर्चा हुई। इसमें 40 सदस्यों ने भाग लिया।

शाह ने कहा कि यह भी झूठा कहा जा रहा है कि विधेयक को सांसदों को बाहर भेजे जाने (निलंबित किए जाने) के बाद लाया गया। विधेयक को पहले ही कार्य मंत्रणा समिति के पास भेजा जा चुका था।

शाह बोले- ग्वालियर में दर्ज हुआ पहला केस

इन कानूनों के लागू होने के साथ ही देश में सबसे पहला केस ग्वालियर में दर्ज हुआ। इस बात की जानकारी शाह ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा यह FIR मोटर साइकिल चोरी की थी। जिसे 12.10 मिनट पर दर्ज किया गया था। हालांकि इससे पहले कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया था कि नए कानूनों के तहत पहली FIR दिल्ली के कमलापार्क थाने में रेहड़ी वाले के खिलाफ और भोपाल के हनुमानगंज थाने में दर्ज की गईं।

कांग्रेस बोली- मौजूदा कानून बिना बहस खत्म किए गए

कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने X पर एक पोस्ट में लिखा- सरकार ने मौजूदा कानूनों को बिना बहस किए खत्म कर दिया। नए कानूनों में और बदलाव किए जाने चाहिए ताकि उन्हें संविधान के सिद्धांतों के अनुरूप बनाया जा सके। गौरतलब है कि चिदंबरम इन तीनों कानूनों की जांच को लेकर बनाई गई संसद की स्थायी समिति के सदस्य थे।

नए क्रिमिनल कानूनों पर मद्रास हाईकोर्ट का केंद्र को नोटिस

- कहा- पहले लॉ पैनल से सलाह लेनी चाहिए थी; चार हफ्ते में जवाब मांगा

चेन्नई. मद्रास हाईकोर्ट ने शुक्रवार को तीन नए क्रिमिनल कानूनों को लेकर केंद्र सरकार को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। राज्य की DMK सरकार ने इन कानूनों को अधिकारातीत और असंवैधानिक बताने की याचिका दाखिल की थी।

इसी याचिका के जवाब में मद्रास हाईकोर्ट ने यह नोटिस जारी किया है।

DMK के ऑर्गनाइजिंग सेक्रेटरी आर एस भारती की तरफ से दाखिल याचिका की सुनवाई जस्टिस एस एस सुंदर और एन सेंथिल कुमार की डिविजन बेंच के सामने हुई। बेंच ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी करते हुए चार हफ्तों में जवाब देने को कहा है।

दरअसल, 1 जुलाई से तीन नए कानून- भारतीय सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हुए हैं। इन्होंने इंडियन पीनल कोड (IPC), कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर (CrPC) और इंडियन एविडेंस एक्ट (IEA) की जगह ली है।

ममता की TMC खर्च में सबसे बड़ी पार्टी

BRS कमाई में टॉप, 20 रीजनल पार्टियों का खर्च आय से ज्यादा; ADR की रिपोर्ट

नई दिल्ली. पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस (TMC) खर्च के मामले में देश की सबसे बड़ी रीजनल पार्टी है। फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में पार्टी की कमाई 333.45 करोड़ रुपए थी, जबकि खर्च 181.1 करोड़ रुपए किए।

वहीं, कमाई के मामले में तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (KCR) की पार्टी भारत राष्ट्र समिति (BRS) टॉप पर रही। 2022-23 में पार्टी की कमाई 737 करोड़ रुपए रही, जबकि खर्च के 57.47 करोड़ रुपए रहा। आंध्र प्रदेश के पूर्व CM जगन मोहन रेड्डी की पार्टी YSR कांग्रेस कमाई के मामले में तीसरे और खर्च के मामले में दूसरे नंबर पर रही।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (ADR) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में देश की 57 में से 39 रीजनल पार्टियों की कमाई और खर्च का ब्योरा जारी किया है। चुनाव आयोग के नियमों के अनुसार, सभी पार्टियों को अपनी सालाना आय-व्यय की रिपोर्ट आयोग का सौंपनी होती है।

रीजनल पार्टियों ने कमाई के मुकाबले एक चौथाई कम खर्च किया

ADR की रिपोर्ट के मुताबिक, फाइनेंशियल ईयर 2022-23 में 39 क्षेत्रीय पार्टियों की कुल आय एक हजार 740 करोड़ रुपए थी जो पिछले साल 2021-22 की तुलना में 20 करोड़ रुपए अधिक है। वहीं पार्टियों का खर्च केवल 481 करोड़ रुपए ही रहा। यानी कमाई के मुकाबले खर्च एक चौथाई से भी कम है।

बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ हिंसा में 105 मौतें

- पूरे देश में कर्फ्यू, सेना ने मोर्चा संभाला
- 978 भारतीय स्टूडेंट्स को वापस लाया गया

ढाका. बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण बहाली के सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ हिंसा जारी है। इस पर काबू पाने के लिए सरकार ने पूरे देश में कर्फ्यू लगा दिया है। प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के जनरल सेक्रेटरी ओबैदुल कादर ने शुक्रवार (19 जुलाई) देर रात कर्फ्यू लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि हिंसा काबू करने के लिए सेना को तैनात किया गया है। शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि इसमें अब तक कुल 105 लोग मारे गए हैं। बांग्लादेश में बढ़ते तनाव के बीच अब तक 978 भारतीय स्टूडेंट्स अपने घर लौट आए हैं। ढाका यूनिवर्सिटी को अगले आदेश तक के लिए बंद दिया है। छात्रों को बुधवार तक हॉस्टल खाली करने को कहा गया है।

न्यूज एजेंसी AFP की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदर्शनकारी छात्रों ने शुक्रवार को नरसिंगडी जिले में एक जेल पर धावा बोल दिया था। उन्होंने सैकड़ों कैदियों को जेल से छुड़ाने के बाद वहां आग लगा दी थी।

इससे पहले गुरुवार को सैकड़ों प्रदर्शनकारी BTV ऑफिस के कैंपस में घुस आए और 60 से ज्यादा गाड़ियां फूंक दी। उसी दिन प्रधानमंत्री शेख हसीना ने BTV को इंटरव्यू दिया था।

गोवा के समुद्र में कार्गो शिप में आग

- कोस्ट गार्ड के तीन जहाज आग बुझाने में जुटे
- शॉर्ट सर्किट के चलते शिप पर आग लगी
- एक क्रू मेंबर लापता



गोवा. दक्षिण-पश्चिम गोवा के समुद्र में मेर्स्क फ्रैंकफर्ट नाम के कार्गो शिप में शुक्रवार (19 जुलाई) की दोपहर आग लग गई। आग लगने के बाद जहाज बहकर कर्नाटक के पास कारवार पहुंच गया। यहां इंडियन कोस्ट गार्ड (ICG) के तीन जहाज आग पर काबू पाने में जुटे हुए हैं। शिप का एक क्रू मेंबर लापता है।

ICG ने आग को फैलने से तो रोकने में सफलता हासिल की है, लेकिन दक्षिण-पश्चिमी हवाएं, भारी लहरों और खराब मौसम के कारण आग पर काबू पाने में काफी दिक्कत हो रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक शिप पर शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग की वजह से विस्फोट हुआ। आग तेजी से डेक पर फैली गई। जिससे कंटेनरों में विस्फोट हो गया। अब तक 20 कंटेनरों तक आग फैलने की खबर है। शिप के चालक दल में 21 सदस्य शामिल थे। जिनमें फिलीपींस के 17, यूक्रेन के 2, रूस और मोटेन्ग्रो के एक-एक लोग शामिल थे। हादसे में 1 फिलीपींस चालक लापता बताया जा रहा है।

गुजरात से श्रीलंका जा रहा था जहाज

शिप डेंजरस इंटरनेशनल गुड्स के ट्रांसपोर्टेशन के लिए जाना जाता है। वह गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह से कोलंबो जा रहा था। ICG के सचेत, सुजीत और समाट जहाज आग बुझाने में जुटे हैं, जबकि डोर्नियर विमान एयर सर्विलांस कर रहा है। इसके अलावा कोच्चि के एक जहाज को स्टैंडबाय में रखा गया है। इंडियन कोस्ट गार्ड ने बताया कि आग बुझाने में आ रही दिक्कतों से बचने के लिए शिप को रास्ता बदलने की सलाह दी गई है। जिसे शिप का क्रू फॉलो कर रहा है।

हरियाणा कांग्रेस MLA मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार

- कोर्ट ने रिमांड पर फैसला रिजर्व रखा
- विधानसभा चुनाव से पहले ED का एक्शन

चंडीगढ़. हरियाणा में विधानसभा चुनाव से 3 महीने पहले एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट (ED) एक्शन में आ गई है। शुक्रवार-शनिवार की रात ED ने सोनीपत से कांग्रेस विधायक सुरेंद्र पंवार को गिरफ्तार कर लिया। सुरेंद्र पंवार अवैध खनन से जुड़े मामले में दिल्ली ED ऑफिस में पेश हुए थे। यहीं से टीम ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

इसके बाद टीम उन्हें रात को सोनीपत स्थित आवास पर लेकर पहुंची। शनिवार सुबह उन्हें अंबाला के जिला कोर्ट में पेश किया। ED ने कोर्ट से विधायक की 14 दिन की रिमांड मांगी। दोनों पक्षों में चली बहस के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। लंच के बाद कोर्ट फैसला सुनाएगा। ED के वकील ने बताया कि विधायक सुरेंद्र पंवार पर 25 करोड़ रुपए की मनी लॉन्ड्रिंग ट्रायल का मामला है। विधायक के खिलाफ 8 मामले दर्ज हैं। एक मामला ED की टीम ने दर्ज कराया है। जनवरी 2024 में यह मामला दर्ज किया गया था।

खनन कारोबार को लेकर जनवरी में रेड हुई

विधायक सुरेंद्र पंवार का हरियाणा के साथ राजस्थान में भी खनन कारोबार है। 4 जनवरी को ED की टीम ने उनके सोनीपत में सेक्टर-15 स्थित आवास पर रेड की थी। खनन कारोबार में करीब 36 घंटे तक जांच हुई थी।

तमिलनाडु BSP अध्यक्ष हत्या केस में भाजपा पदाधिकारी गिरफ्तार

तमिलनाडु के BSP प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रॉन्ग (52) की हत्या के मामले में पुलिस ने भाजपा की महिला पदाधिकारी अंजलाई को गिरफ्तार किया है। नॉर्थ चेन्नई की महिला मोर्चा की पदाधिकारी अंजलाई पर आरोप है कि उन्होंने आर्मस्ट्रांग की हत्या में शामिल एक हमलावर को 10 लाख रुपए दिए थे। यह रकम उन्हें एक बदमाश से मिली थी जो किसी दूसरे मामले में वेल्लोर सेंट्रल जेल में बंद है। पुलिस के मुताबिक, महिला ने हमलावरों को शरण भी दी थी। आर्मस्ट्रांग हत्या केस में नाम आने के बाद अंजलाई को पार्टी ने निकाल दिया गया है। के. आर्मस्ट्रांग की 5 जुलाई को चेन्नई में उनके घर के बाहर बाइक सवार छह हमलावरों ने चाकू-तलवारों से हत्या का दी। हमला तब हुआ जब आर्मस्ट्रॉन्ग शाम करीब 7 बजे सेम्बियम इलाके के वेणुगोपाल स्ट्रीट पर अपने घर के कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। उन्हें अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जम्मू में 500 स्पेशल पैरा कमांडो तैनात

- 50-55 पाकिस्तानी आतंकियों की मौजूदगी का शक
- इनका मकसद भारत में टेरर नेटवर्क फिर एक्टिव करना

जम्मू. जम्मू में बढ़ते आतंकी हमलों के बीच भारतीय सेना ने लगभग 500 पैरा स्पेशल फोर्स कमांडो को तैनात किया है। रक्षा सूत्रों ने न्यूज एजेंसी ANI को बताया कि जम्मू रीजन में पाकिस्तान के 50-55 आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। ये भारत में फिर से टेरर नेटवर्क एक्टिव करने के लिए घुसे हैं।

सेना को इससे जुड़े इंटेलिजेंस इनपुट मिले हैं, जिसके बाद उन्होंने मोर्चा संभाल लिया है। इंटेलिजेंस एजेंसियां भी आतंकियों का समर्थन करने वाले ओवरग्राउंड वर्कर्स और इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म करने के लिए काम कर रहे हैं। रक्षा सूत्रों के मुताबिक, जम्मू में घुसपैठ कर रहे आतंकी हाई लेवल ट्रेनिंग लेकर आए हैं। उनके पास आधुनिक हथियार और उपकरण हैं। सेना इन आतंकियों की तलाश और उन्हें खत्म करने की रणनीति पर काम कर रही है।

आज आर्मी चीफ उपेंद्र द्विवेदी भी जम्मू जा रहे हैं। वे सेना के अधिकारियों के साथ जम्मू में बढ़ रही आतंकी घुसपैठ की घटनाओं को लेकर मीटिंग करेंगे। आतंकियों से मुकाबला करने के लिए सेना पहले ही 3500 से 4000 सैनिकों की अपनी ब्रिगेड उतार चुकी है। इसके अलावा जम्मू में सेना के पास पहले से ही एक काउंटर-टेररिस्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर है, जिसमें रोमियो और डेल्टा फोर्सेज के साथ-साथ राष्ट्रीय राइफल्स की दो फोर्सेज शामिल हैं।

विमेंस एशिया कप - भारत की पाकिस्तान पर बड़ी जीत

- दीप्ति ने PAK को 108 रन पर रोका
- मंधाना-शेफाली ने 85 की साझेदारी करके जिताया

भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने विमेंस एशिया कप में जीत के साथ शुरुआत की है। टीम इंडिया ने पहले ही मुकाबले में अपने सबसे बड़े राइवल पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया। टीम ने 109 रन का टारगेट 14.1 ओवर में चेज कर लिया। उपकप्तान स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने 85 रनों की ओपनिंग पार्टनरशिप करके रन चेज आसान बनाया।

भारतीय गेंदबाजों ने दीप्ति शर्मा की अगुवाई में पाकिस्तान को 19.2 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट कर दिया। दांबुला में मिली इस जीत के साथ ही भारतीय लड़कियों ने 2022 में मिली पिछली हार का बदला भी ले लिया है। तब टीम इंडिया 13 रन से हरा गई थी। दीप्ति ने अपने कोटे के 4 ओवर में 20 रन देकर तीन विकेट लिए। इतना ही नहीं, 18वें ओवर में एक रनआउट भी किया। इस ओवर में 3 विकेट आए थे। उन्होंने कप्तान निदा दार, तुबा हुसैन और नशरा सिंधू को पवेलियन भेजा। इस प्रदर्शन के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मंधाना भारतीय टीम की टॉप स्कोरर रहीं। उन्होंने 31 बॉल पर 45 रनों की पारी खेली। मंधाना ने 9 चौके के सहारे 145.16 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए।

शेफाली ने 29 बॉल पर 40 रनों की पारी खेली। उन्होंने 6 चौके और एक छक्का लगाया। शेफाली ने स्मृति के साथ 57 बॉल पर 85 रनों की साझेदारी की। रेणुका ने अपने आखिरी ओवर में लगातार 2 बॉल पर 2 विकेट लिए। उन्होंने सिदरा अमीन और सादिया इकबाल को आउट करके पाकिस्तान के मिडिल ऑर्डर की कमर तोड़ दी।

दीप्ति शर्मा के आखिरी ओवर में 3 विकेट आए। वे पाकिस्तानी पारी का 18वां ओवर लेकर आईं और 2 बल्लेबाजों को आउट किया। इतना ही नहीं, उन्होंने एक रनआउट भी किया। दीप्ति के इस ओवर से 2 रन आए।

वडोदरा में स्कूल की दीवार गिरी

- 4 बच्चे घायल
- 10 फीट नीचे गिरे

वडोदरा. गुजरात में वडोदरा के श्री नारायण स्कूल में दूसरी मंजिल पर कमरे की एक दीवार गिरने से 4 बच्चे घायल हो गए। इस घटना का CCTV फुटेज सामने आया है। इसमें 4 बच्चे बेंच सहित 10 फीट नीचे गिरते नजर आए। एक छात्र को सिर पर चोट आई है। तीन को हल्की चोटें हैं।

यह घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे की है। इसके बाद फायर ब्रिगेड और पुलिस को बुलाया गया। पुलिस ने बताया कि दीवार के ठीक पीछे एक शेड था। बच्चे पहले शेड पर गिरे। उसके बाद नीचे जमीन पर आए। इस कारण उन्हें गंभीर चोटें नहीं आईं। दीवार गिरने के कारण का पता लगाया जा रहा है। उधर, वडोदरा पेरेंट्स एसोसिएशन ने आज शनिवार को स्कूल संचालक के खिलाफ प्रदर्शन करने का फैसला लिया है। मामले को लेकर केस दर्ज भी कराया जा सकता है।

पुलिस ने घायल बच्चों, उनके परिजनों और स्कूल प्रबंधन का बयान दर्ज किया है। घटना के बाद से अभी तक शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की तरफ से कोई बयान दिया गया है। स्थानीय लोगों ने कहा था कि पुरानी इमारत होने की वजह से यह हादसा हुआ। हालांकि, स्कूल प्रशासन का कहना है कि उनके पास सभी जरूरी दस्तावेज है।

कार्यकारी अभियंता यांचे कार्यालय,

सा.बां. विभाग क्र.1, ठाणे.
स्टेशन रोड, ठाणे- 400 601

www.mahapwd.com	Fax-(022) 25677240	Email- thanel.ee@mahapwd.gov.in
जा. क्र ठावि/निविदा/7445	दुरध्वनी - 25369293	दिनांक :- 16/07/2024

ई-निविदा शुध्दीपत्रक क्र.1 (वेळापत्रक)

कामाचे नाव :- 1) भिवंडी तालुक्यातील भिवंडी पारोळ रस्ता प्रजिमा-48 कि. मी. 0/00 ते 17/00 या लांबीत वृक्षलागवडीसह 3 वर्षासाठी देखभाल व संवर्धन करणे, जि. ठाणे. अंदाजित रक्कम रु. 16,17,000.00
2) कल्याण तालुक्यातील कल्याण शिळ रा.मा. क्र. 81 निळजे (पलावा) ते नारीवली बाळे वाकळण दहिसर रा. मा. क्र. 4 रस्ता प्रजिमा 107. 0/000 ते 11/000 या रस्त्यावर झाडे लावणे ता. कल्याण, जि. ठाणे. अंदाजित रक्कम रु. 19,84,500.00

संदर्भः- निविदा सुचना क्र. 07 सन 2024-25 या कार्यालयाचे पत्रक्र.जा.क्र/ठावि/निविदा/7187 दि. 08/07/2024.

अ.क्र.	निविदा	पुर्वी प्रसिध्द झालेला मजकुर / दिनांक	बदल करण्यात आलेला मजकुर / दिनांक
1	निविदा विक्री	09.07.2024 ते 16.07.2024	09.07.2024 ते 22.07.2024
2.	निविदापुर्व बैठक	-	-
3.	निविदा उघडण्याचा दिनांक	18.07.2024	23.07.2024

सही/-
कार्यकारी अभियंता
सा.बां. विभाग क्र.1, ठाणे

स्वच्छ भारत एक कदम स्वच्छता की ओर

अंबरनाथ नगरपरिषद, अंबरनाथ

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

जा.क्र.अंनप/पापुवजनि/2024-25/105 दि. 15/7/2024

कोटेशन नोटीस

अंबरनाथ नगरपरिषदेस खालील काम करावयाचे असुन, नोंदणीकृत ठेकेदार यांचेकडुन त्याबाबत सिलबंद कोटेशन्स मागविण्यात येत आहेत. ज्या कोणास सदर काम करावयाचे असेल त्यांनी सदर कामांचे दर सर्व करांसह बंद पाकीटात खाली सही करणार यांचेकडे दि. 26/7/2024 रोजी सायं 3.00 वाजे पर्यंत आणून द्यावेत. तसेच आलेली कोटेशन त्याच दिवशी किंवा प्रशासनाच्या सोयीनूसार हजर कोटेशन धारकांसमक्ष उघडण्यात येतील. कोणतेही एक कोटेशन स्विकारणे अथवा नाकारणेचा अधिकार निम्न स्वाक्षरीकार यांनी राखून ठेवला आहे. तसेच खालील पैकी कोणतेही एक कागदपत्र सादर न केल्यास किंवा सादर केलेल्या कोणत्याही कागदपत्रात खरेपणा न आढळल्यास कोटेशन फेटाळण्यात येतील याची नोंद घ्यावी.

अ. क्र.	कामाचे नाव	अंदाजित रक्कम रु. (GST वगळून)	इसारा रक्कम रु.
01.	अंबरनाथ पश्चिमे जयभिम सोसायटी येथील श्री अजय जाधव यांचे घराजवळ बोअरवोल खोदणे व पंप बसविणे.	रु. 2,01,428/-	रु. 2014/-

1) तांत्रिक बोलीचा लिफाफा क्र. 01
अ) पॅनकार्ड
क) कॉन्ट्रॅक्टर परवाना.
ड) जी.एस.टी. नोंदणी प्रमाणपत्र.
इ) इसारा रक्कमेचा डी.डी

2) वित्तीय बोलीचा लिफाफा क्र. 02
अ) मूळ प्रतितील दरपत्रक.

टिप :- सदर कोटेशन नगरपरिषदेच्या www.ambarnathcouncil.net या संकेतस्थळावर उपलब्ध आहे.
प्रत :- सुरक्षा विभाग नगरपरिषद नोटीस बोर्डावर प्रसिध्दीकरिता.

सही/-
(डॉ. प्रशांत रसाळ)
मुख्याधिकारी,
अंबरनाथ नगरपरिषद

शिक्का

संक्षेप...

महिला पुलिस उपनिरीक्षक निलंबित

नवी मुंबई. लापता विवाहिता की जांच में देरी करने के आरोप में महिला सब-इंस्पेक्टर मीना वरहदी को निलंबित कर दिया गया है. नवी मुंबई की एक शादीशुदा महिला घरेलू कारणों से 6 तारीख को घर छोड़कर चली गई. ससुराल वालों ने उसकी तलाश की। जब उसके पति और पिता उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन आए, तो उनकी प्रतिक्रिया तुरंत दर्ज नहीं की गई। साथ ही अपराध की गंभीरता को समझते हुए लापता महिला की खोजबीन भी शुरू नहीं की गई. महिला की गुमशुदगी के मामले में कानूनी प्रक्रिया तुरंत शुरू करने का आदेश देने में देरी हुई. इस पर बेहद गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही बरतने का आरोप लगाया गया है. पुलिस उपायुक्त पंकज दहाने ने कहा, इसलिए, उन पर लोगों के बीच पुलिस बल के बारे में भ्रम और संदेह पैदा करके लोगों के बीच पुलिस बल की छवि खराब करने का आरोप लगाया गया है।

उद्धव बोले- मुंबई का नाम अडाणी सिटी नहीं होने देंगे

- धारावी के नाम पर अडाणी का विकास चल रहा
- सत्ता में आते ही प्रोजेक्ट रद्द करेंगे

मुंबई. शिवसेना (UBT) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने धारावी विकास परियोजना को लेकर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ठाकरे का कहना है कि धारावी के विकास के लिए जानबूझकर बिजनेसमैन गौतम अडाणी को टेंडर दिया गया है। धारावी का विकास होना चाहिए, अडाणी का नहीं।

ठाकरे ने कहा कि धारावी के लोगों को 500 वर्ग फुट का घर मिलना ही चाहिए। हर घर में एक माइक्रो व्यापार चलता है। इसके लिए भी उपाय होना चाहिए। ये (भाजपा) मुंबई का नाम अडाणी सिटी भी कर देंगे। इनकी कोशिश चल रही है, उसे हम होने नहीं देंगे।

ठाकरे ने शनिवार को कहा कि अगर उनकी पार्टी महाराष्ट्र की सत्ता में आती है तो अडाणी को दिया गया प्रोजेक्ट रद्द कर दिया जाएगा।

प्रेस कान्फ्रेंस में उद्धव ठाकरे के दो बड़े बयान...

ठाकरे ने कहा कि धारावी के लोगों को पात्र और अपात्र के चक्रव्यू में फंसाने की कोशिश की जा रही है। हमारी सरकार सत्ता में आएगी तो हम धारावी के लोगों को दूसरी जगह नहीं बसाएंगे। धारावी में ही कारोबार की उचित व्यवस्था की जाएगी।

उन्होंने कहा कि धारावी का विकास होना चाहिए, अडाणी का नहीं। अगर अडाणी धारावी के लोगों की डिमांड पूरी नहीं कर सकते तो दोबारा टेंडर कराया जाए। ग्लोबल टेंडर निकलना चाहिए और पारदर्शिता का पालन होना चाहिए। सरकार को जवाब देना चाहिए कि इसे अभी तक क्यों नहीं रद्द किया गया।

महाराष्ट्र सरकार मुंबई में मौजूद एशिया के सबसे बड़े स्लम धारावी के डेवलपमेंट पर काम कर रही है। इसके लिए सरकार ने टेंडर निकाला, जो जुलाई 2023 में अडाणी ग्रुप को मिला। सितंबर 2023 में अडाणी ग्रुप ने एक नई कंपनी बनाई। इसका काम धारावी का विकास करना है।

20 हजार महिलाओं ने किया लाडली बहन योजना का आवेदन

- कल्याण-डोंबिवली में सहायता के लिए 190 केंद्रों की स्थापना

उल्हास विकास संवाददाता

कल्याण. मनपा मुख्यालय में प्रेसवार्ता का आयोजन कर लाडली बहन योजना की जानकारी देते हुए कल्याण मनपा आयुक्त डा.इंदुराणी जाखड़ ने बताया कि ऑफलाइन और ऑनलाइन मिलाकर अब तक कल्याण-डोंबिवली में करीब 20 हजार महिलाएं आवेदन कर चुकी हैं। बैंक खातों से आधारकार्ड लिंक नहीं होने के कारण कुछ दिक्कतें आ रही हैं, जिसके लिए संबंधित आवेदनकर्ता को सूचित कर जानकारी दी जा रही है। आगे श्रीमती जाखड़ ने कहा कि इस योजना को क्रियान्वित करने के लिए महापालिका क्षेत्र में 190 केंद्रों की स्थापना कर दी गई है। जबकि मनपा का लक्ष्य 366 केंद्रों का है। आयुक्त श्रीमती जाखड़ ने कहा कि इस मीशन को पूरा करने के लिए महिला बालकल्याण विभाग एवं आशा वर्करों की मदद ली जा रही है। उन्होंने कहा कि 'नारी शक्ति दूत' एप डाउनलोड कर महिलाएं खुद भी अपना फार्म भर सकती हैं। लाडली बहन योजना के बारे में आयुक्त श्रीमती जाखड़ ने कहा कि ऑफलाइन फार्म को ऑनलाइन में तब्दील करने के बाद ही उसकी छानबीन की जाएगी। एक सवाल के जवाब में आयुक्त ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के गाइडलाइन के अनुसार फेरीवालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके लिए आरटीओ, ट्रैफिक पुलिस और केडीएमसी के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम बनाई गई है, जो स्टेशन परिसर में रिक्शा चालक और फेरीवालों पर कार्रवाई करेगा। स्मार्ट सिटी को लेकर आयुक्त ने कहा कि इस परियोजना का काम मार्च 2026 तक पूरा होने की संभावना है। तब तक स्टेशन परिसर में क्राउड को कम करने के लिए कार्रवाई जारी रहेगी। प्रेसवार्ता में आयुक्त डा.इंदुराणी जाखड़ के अलावा मनपा के अतिरिक्त आयुक्त-1 प्रहलाद रोड़े, अतिरिक्त आयुक्त-2 धैर्यशील जाधव, सिटी इंजीनियर अनिता परदेशी, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय जाधव सहित मनपा के तमाम संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

भिवंडी में गटरों पर ढक्कन नहीं होने से बढ़ रहे हादसे

- मनपा प्रशासन की लापरवाही से लोगों में आक्रोश

उल्हास विकास संवाददाता

भिवंडी. भिवंडी मनपा क्षेत्र अंतर्गत अधिसंख्यक गटरों पर ढक्कन नहीं होने का खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है.गटरों पर ढक्कन नहीं होने से राहगीर हादसों का शिकार होकर उपचार की पीड़ा झेलने को विवश हैं.नागरिकों का आरोप है कि मनपा प्रशासन का कोई ध्यान नागरीय मूलभूत सुविधाओं पर नहीं है.शहर के नागरिक टैक्स भुगतान के बाद भी सुविधाओं से कोसों दूर हैं.

गौरतलब हो कि,भिवंडी मनपा अंतर्गत 1से 5 प्रभाग समितियों में गटरों पर लगाए गए अधिसंख्यक चैंबरों के ढक्कन टूट फूट कर बिखर गए हैं. सड़कों के किनारे फुटपाथ की गटरों के चैंबरों पर ढक्कन नदारद होने से पैदल राहगीरों का गटरों में गिर कर हाथ पांव टूट रहा है.खोखा कंपाउंड,कमला होटल, महाडा कालोनी, कल्याण मार्ग, एसटी स्टैंड मार्ग, नागांव, पटेल नगर,पटेल कंपाउंड, धामनकर नाका फ्लाई ओवर, अजंता कंपाउंड, अंजूरफाटा मार्ग, खदान रोड, कामतघर, ओसवाल वाड़ी, देवजी नगर, भंडारी चौक, शास्त्री नगर, गुलजार नगर, मानसरोवर, फेना गांव, आशीर्वाद नगर, भाग्य नगर, ताडाली, चाबिंद्रा आदि क्षेत्रों में अधिसंख्यक चैंबरों के ढक्कन खुले होकर खतरों को दावत दे रहे हैं.

खोखा कंपाउंड स्थित एक खुले चैंबर में साइकिल लेकर ड्यूटी पर जा रहे गरीब मजदूर रामधनी पाल, शिवपूजन गिर पड़े जिससे हाथ,पैर में चोट लगने से इलाज को विवश हैं.ऐसे अनगिनत लोग गटरों में गिरकर हाथ, पांव घायल होने पर उपचार की मजबूरी झेलते हैं.

करीब 4,000 से अधिक ढक्कन नदारद

मनपा आरोग्य विभाग सूत्रों की माने तो भिवंडी मनपा क्षेत्र अंतर्गत करीब 4,000 से अधिक चैंबरों के ढक्कन टूट फूट कर बिखर चुके हैं. चैंबरों पर लगे हुए लोहे के अधिसंख्यक ढक्कन नशाखोर गरदुल्लो ने चोरी कर बेच दिया है.लोगों का आरोप है कि, आरोग्य विभाग प्रतिवर्ष लाखों रुपए चैंबरों पर ढक्कन लगाने के लिए खर्च जरूर करता है लेकिन ढक्कन घटिया क्वालिटी का होने से कुछ ही समय में टूट फूट कर बिखर जाता है.चैंबरों पर ढक्कन लगाने में भारी भ्रष्टाचार होता है. उक्त संदर्भ में मनपा आरोग्य विभाग का कहना है कि, प्रशासन को अधिसंख्यक गटरों पर ढक्कन नहीं होने की सूचना दी गई है. जल्द ही चैंबरों पर ढक्कन लगाया जाएगा.

समाज को मौलिक अधिकार उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी हमारी -विवेक पंडित

उल्हास विकास संवाददाता

ठाणे. भारतीय संविधान अनुच्छेद 21 के अनुसार प्रत्येक भारतीय नागरिक को जगाने का अधिकार हमनें दिया है।कानून के अनुसार इसको छीना नहीं जा सकता। इस अधिकार के तहत हर भारतीय नागरिक को सम्मान से जागरूक करने के लिए अधिकार समाविष्ट है।इसलिए समाज के हर व्यक्ति के मूलभूत सुविधाओं दिलवाने के लिए जिम्मेदारी हमारी है।यह आवाहन राज्य स्तरीय जनजातीय विकास समिति के अध्यक्ष (मंत्री दर्जा प्राप्त) विवेक पंडित ने बैठक में किया। राज्य स्तरीय जनजाति क्षेत्र समिति की समीक्षा बैठक जिला नियोजन समिति सभागृह में आयोजित हुआ।

इस बैठक में जिलाधिकारी अशोक शिनगारे, अपर आदिवासी विकास आयुक्त दीपक कुमार मीना, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, पुलिस अधीक्षक डॉ. डी.एस स्वामी,अतिरिक्त जिलाधिकारी मनीषा जायभाये-धुले, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. रूपाली सातपुते,आदिवासी विकास परियोजना अधिकारी राजेंद्र कुमार हिवाले, जिला आपूर्ति अधिकारी विकास गजरे, जिला शल्यचिकित्सक डॉ. कैलास पवार, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गंगाधर पारगे, कार्यकारी अभियंता संदीप पवार, सभी उपविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, समूह विकास अधिकारी, समूह शिक्षा अधिकारी, तहसील स्वास्थ्य अधिकारी सहित अन्य विभागों के बाल विकास अधिकारी उपस्थित थे। जनवरी 2024 में प्रधानमंत्री आदिवासी न्याय अभियान योजना को लेकर राज्य के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस और आदिवासी विकास मंत्री डॉ. विजयकुमार गावित की उपस्थिति में बैठक किया गया था। इसलिए जिलाधिकारी कार्यालय के नियोजन भवन में यह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आदिवासी व कातकरी समाज के आधार कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड, बैंक खाता, जाति प्रमाण पत्र, घरेलू जमीन का नाम, वन दावा, वन अधिकार के अनुसार गांव दावा, 6 से 14 वर्ष के प्रवासी बच्चों की सूची, प्रवासी परिवारों की सूची, की सूची प्रवासी परिवार, 6 से 14 वर्ष से कम आयु के स्कूल न जाने वाले बच्चों की सूची, सैम-मैम बच्चों की सूची, कातकरी परिवारों की सूची, बेघर कातकरी परिवारों की सूची, दो से अधिक बच्चों वाले परिवारों की सूची, जाति-वार सूची आश्रम शालाओं में नामांकित बच्चों की संख्या, जन्म-मृत्यु रिकॉर्ड, गांव से स्थायी रूप से स्थलांतरित करने वाले परिवारों की सूची, मुक्त बेघर परिवारों की सूची इन मुद्दों को लेकर समीक्षा की गई।राज्य दर्जा प्राप्त मंत्री पंडित ने कहा, समाज के जरूरतमंद, वंचित, आदिम जनजाति सदस्यों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस बैठक में जिलाधिकारी अशोक शिनगारे व जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के कार्यशैली का अभिनंदन किया।

गीला व सूखा कचरा एकत्रित करने विशेष मुहिम की शुरुआत

ठाणे. जिला परिषद की ओर से अपने परिसर व घर का गिला और सूखा कचरे को योग्य तरीके से एकत्रित करने के लिए 8 जुलाई से यह विशेष मुहिम को शुरू किया गया है।

इस मुहिम के लिए राज्य सरकार ने निर्देश जारी किया था। जिसके तहत जिलें के हर गांव में 'स्वच्छता के दो रंग' गीला हरा,सूखा नीला नामक अभियान चलाया जा रहा है।कचरे की व्यवस्था के लिए गांववासियों को सक्रिय भूमिका निभाने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे व परियोजना संचालक,जल जीवन मिशन अतुल पारसकर ने किया है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत दिसंबर 2024 तक जिलें को अधिक मॉडल करवाना है। मॉडल होने के बाद गांव का दृश्य,स्वच्छता के लिए घर घर मुलाकात के माध्यम से जनजागृति अभियान का आयोजन किया जायेगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे के मार्गदर्शन में हर गांव में 5 संवाद करने वाले की नियुक्ति किया गया यह लोग घर घर जाकर नागरिकों को जानकारी देंगे.

डायरिया रोकथाम अभियान के तहत जलसुरक्षक कार्यशाला का आयोजन

ठाणे. डायरिया रोकथाम अभियान के अंतर्गत भिवंडी तहसील के सभी ग्रा म पंचायत जल संरक्षकों की तहसील स्तर ओर कार्यशाला का आयोजन किया गया।यह आयोजन 18 जुलाई को किया गया था।इसका शुभारंभ परियोजना संचालक अतुल पारसकर ने किया।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत समिति के समूह विकास अधिकारी डॉ. प्रदीप घोरपड़े, स्कूल प्रमुख, केमिस्ट डिविजनल संयुक्त नियंत्रण कक्ष, बेलापुर, सचिन तरमाले, पंचायत समिति, भिवंडी, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक, दिलीप जाधव उपस्थित थे।इस कार्यक्रम में अतुल पारसकर ने सभी संबंधित अधिकारियों को इस अभियान को सफल बनाने के लिए निर्देश दिया।साथ ही उन्होंने ग्राम स्तर पर विभिन्न जल नमूनाकरण परीक्षणों तथा जलसुरक्षक के कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों पर भी मार्गदर्शन दिया। इस अभियान अवधि के दौरान गांव में अधिक से अधिक लोगों को पानी की गुणवत्ता के संबंध में जागरूक करने के लिए जल संरक्षकों को उचित निर्देश दिये गये। केमिस्ट विभागीय नियंत्रण कक्ष बेलापुर सचिन तरमाले ने रासायनिक जल नमूनों के सभी परीक्षण कैसे पूरा करें और जैविक जल नमूनों का परीक्षण कैसे पूरा करें, इस पर मार्गदर्शन दिया। स्वास्थ्य पर्यवेक्षक दिलीप जाधव ने गांव के लोगों को स्वच्छ और शुद्ध पेयजल कैसे उपलब्ध कराया जाए इस पर उचित मार्गदर्शन दिया।इस कार्यक्रम का समापन भिवंडी पंचायत समिति विस्तार अधिकारी सुधाकर सोनवणे ने किया।

आम सूचना

हम श्री संदेश सतीश पाठक व श्रीमती अलका सतीश पाठक सभी को सूचित कर रहे हैं कि रुम, धोबीघाट, कमला नेहरू नगर, शिव मंदिर के पास, उल्हासनगर-1. (टैक्स नं. 03एओ014072400) उक्त प्रॉपर्टी श्रीमती लिलाबाई नागनाथ पानीभाते से दि. 19.7.2024 सी.नं. 177/2024 को खरीदी थी। जिस कारण उक्त जायदाद हम अपने नाम करवाना चाहते हैं। अगर इस जायदाद पर किसी भी व्यक्ति का कोई हक्क वास्ता हो तो वो सारे सबूतों के साथ 7 दिनों के भीतर उपरोक्त दिए गए पत्ते अथवा उल्हासनगर महानगरपालिका के टैक्स विभाग में संपर्क कर सकते हैं। अन्य 7 दिनों के बाद कोई भी व्यक्ति अपना दावा पेश नहीं कर सकता है।

सही/-
श्री संदेश सतीश पाठक
व श्रीमती अलका सतीश पाठक

'वह स्त्री है, जब चाहेगी तो शादी कर लेगी'

- राहुल मोदी को डेट कर रही हैं एक्ट्रेस

द्धा कपूर ने जब से राहुल मोदी के साथ अपने रिलेशनशिप को कन्फर्म किया है, तब उनकी शादी की चर्चा हो रही है। श्रद्धा

से अक्सर शादी को लेकर सवाल भी किया जाता है। फिल्म 'स्त्री 2' के ट्रेलर लांच के दौरान जब एक्ट्रेस से शादी से जुड़ा सवाल पूछा गया तो इसका जवाब उन्होंने फिल्मी अंदाज में दिया। फिल्म के ट्रेलर लांच के दौरान श्रद्धा कपूर गोल्डन-रेड साड़ी में ग्लैमरस मेकअप और बंधे बालों में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। इस दौरान उन्होंने अपनी शादी के बारे में बात की। एक्ट्रेस से जब पूछा गया कि आज आप दुल्हन की तरह सज संवर कर आई हो, रियल लाइफ में कब दुल्हन बनेंगी? श्रद्धा कपूर ने इस सवाल के जवाब मजाकिया अंदाज में दिया। उन्होंने कहा- वह स्त्री है, उसे जब दुल्हन बनना है वो बनेगी। बता दें कि श्रद्धा कपूर की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'स्त्री 2' 15 अगस्त को रिलीज होगी। यह फिल्म 'स्त्री' की सीक्वल है। इस फिल्म को लेकर श्रद्धा कपूर काफी एक्साइटेड है। पिछले कुछ समय से श्रद्धा कपूर स्क्रिप्ट राइटर राहुल मोदी को डेट कर रही हैं। पिछले महीने श्रद्धा ने इंस्टाग्राम पर राहुल मोदी के साथ अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर जाहिर किया था।

www.ulhasvikas.com
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now
/ulhasvikas /ulhasvikas
/ulhasvikas /ulhasvikas

Subscribe to our ULHAS VIKAS YouTube Channel

संस्थापक संपादक- स्व. श्री अशोक उकाराम बोधा
उल्हास विकास लोकप्रिय हिंदी दैनिक
ULHAS VIKAS Hindi Daily By :- HERO ASHOK BODHA
www.ulhasvikas.com (Editor in Chief)

यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099